This Question Paper consists of 58 questions [Section–A (36) + Section–B (11+11)] and 43 printed pages.

इस प्रश्न-पत्र में 58 प्रश्न [खण्ड–अ (36) + खण्ड–ब (11+11)] तथा 43 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Code No.** **67/TUS/2**
**कोड नं०**

**Set / सेट** **A**

# ACCOUNTANCY
# लेखांकन

**( Principles and Practice of Financial Accounting )**

**( वित्तीय लेखांकन के सिद्धान्त एवं व्यवहार )**

**(320)**

Day and Date of Examination ..........................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..........................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..........................................

***General Instructions :***

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. 67/TUS/2, Set A on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*सामान्य अनुदेश* :

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 67/TUS/2, सेट [A] लिखें।
5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिन्दी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

# ACCOUNTANCY
## लेखांकन
### ( Principles and Practice of Financial Accounting )
### ( वित्तीय लेखांकन के सिद्धान्त एवं व्यवहार )
### (320)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This Question Paper has *two* Sections—Section 'A' and Section 'B'.

(ii) Section—A has 36 questions from Question Nos. **1** to **36**. *All* questions are compulsory.

(iii) Section—B has 11 questions from Question Nos. **37** to **47**.

(iv) Section—B has two Options. Option—I : Analysis of Financial Statements and Option—II : Application of Computers in Financial Accounting. Candidates are required to attempt questions from one Option only. *All* questions of an Option are compulsory.

**निर्देश** : (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' में 36 प्रश्न हैं, प्रश्न संख्या **1** से **36** तक। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) खण्ड 'ब' में 11 प्रश्न हैं, प्रश्न संख्या **37** से **47** तक।

(iv) खण्ड 'ब' में दो विकल्प हैं। विकल्प—I : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण और विकल्प—II : वित्तीय लेखांकन में कम्प्यूटर का प्रयोग। परीक्षार्थियों को केवल एक विकल्प के ही उत्तर देने हैं। एक विकल्प के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(1) Answers of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.
सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 2:15 p.m. From 2:15 p.m. to 2:30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। दोपहर 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## SECTION—A
## खण्ड–अ

**1.** Which of the following is the correct formula of accounting equation? 1

(A) Assets = Capital – Liabilities

(B) Assets = Capital + Liabilities

(C) Assets = Capital + Profit

(D) Assets = Capital – Loss



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

निम्न में से लेखांकन समीकरण का सही सूत्र कौन-सा है?

(A) सम्पत्तियाँ = पूँजी – देयताएँ

(B) सम्पत्तियाँ = पूँजी + देयताएँ

(C) सम्पत्तियाँ = पूँजी + लाभ

(D) सम्पत्तियाँ = पूँजी – हानि

*Or / अथवा*

What will be the effect on accounting equation when goods of ₹ 4,000 are sold for ₹ 4,500 on credit?

(A) Increase in assets by ₹ 4,500 and decrease in assets by ₹ 4,000

(B) Increase in assets by ₹ 4,000 and increase in liabilities by ₹ 4,500

(C) Increase in assets by ₹ 4,500 and increase in capital by ₹ 500

(D) Increase in assets by ₹ 4,500, decrease in assets by ₹ 4,000 and increase in capital by ₹ 500

जब ₹ 4,000 के माल को ₹ 4,500 में उधार बेचा, तो लेखांकन समीकरण पर क्या प्रभाव होगा?

(A) सम्पत्तियों में ₹ 4,500 की वृद्धि और ₹ 4,000 से सम्पत्तियों में कमी होगी

(B) सम्पत्तियों में ₹ 4,000 की वृद्धि और देयताओं में ₹ 4,500 की वृद्धि होगी

(C) सम्पत्तियों में ₹ 4,500 की वृद्धि और पूँजी में ₹ 500 की वृद्धि होगी

(D) सम्पत्तियों में ₹ 4,500 की वृद्धि, सम्पत्तियों में ₹ 4,000 की कमी तथा पूँजी में ₹ 500 की वृद्धि होगी

**2.** The rectifying entry for undercasting the purchases book by ₹ 5,000 will be

(A) debit Purchases Account by ₹ 5,000 and credit Suspense Account by ₹ 5,000

(B) credit Purchases Account by ₹ 5,000 and debit Suspense Account by ₹ 5,000

(C) debit Suspense Account by ₹ 10,000 and credit Purchases account by ₹ 10,000

(D) debit Purchases Account by ₹ 10,000 and credit Suspense Account by ₹ 10,000 1



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

क्रय पुस्तक जिसका योग ₹ 5,000 कम लिखा गया है, उसकी शुद्धिकरण प्रविष्टि क्या होगी?

(A) क्रय खाता ₹ 5,000 नाम तथा उचंत खाता में ₹ 5,000 जमा

(B) क्रय खाता ₹ 5,000 जमा तथा उचंत खाता ₹ 5,000 नाम

(C) उचंत खाता ₹ 10,000 नाम तथा क्रय खाता ₹ 10,000 जमा

(D) क्रय खाता ₹ 10,000 नाम तथा उचंत खाता ₹ 10,000 जमा

*Or / अथवा*

Goods of ₹ 5,900 were sold on credit to Ashok but were debited to Ashok's Account as ₹ 5,090. Sales Account was correctly credited. Rectification of error will be

(A) Ashok's A/c to be debited by ₹ 5,090 and Sales A/c to be credited by ₹ 810

(B) Ashok's A/c to be debited by ₹ 5,900 and Suspense A/c to be credited by ₹ 810

(C) Suspense A/c to be debited by ₹ 810 and Ashok's A/c to be credited by ₹ 810

(D) Ashok's A/c to be debited by ₹ 810 and Suspense A/c to be credited by ₹ 810

अशोक को ₹ 5,900 का माल उधार बेचा लेकिन अशोक के खाते के नाम में ₹ 5,090 लिखा गया। विक्रय खाते के जमा में सही लिखा गया। अशुद्धि का संशोधन होगा

(A) अशोक के खाते के नाम में ₹ 5,090 और विक्रय खाते के जमा में ₹ 810 लिखे जाएँगे

(B) अशोक के खाते के नाम में ₹ 5,900 और उचंत खाते के जमा में ₹ 810 लिखे जाएँगे

(C) उचंत खाते के नाम में ₹ 810 और अशोक के खाते के जमा में ₹ 810 लिखे जाएँगे

(D) अशोक के खाते के नाम में ₹ 810 और उचंत खाते के जमा में ₹ 810 लिखे जाएँगे

**3.** Wages paid for construction of building were debited to Wages Account. It is a/an

(A) error of omission
(B) error of commission
(C) compensatory error
(D) error of principle 1

भवन निर्माण पर मजदूरी का भुगतान किया, जिसे मजदूरी खाते के नाम में लिखा गया। यह है एक

(A) लोप अशुद्धि
(B) लेख अशुद्धि
(C) क्षतिपूरक अशुद्धि
(D) सैद्धान्तिक अशुद्धि



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*Or / अथवा*

₹ 5,00,000 paid to SS Construction Company towards the payment of office building purchased was not recorded in the cash book. It is a/an

(A) error of commission (B) error of omission

(C) error of principle (D) compensatory error

एस० एस० कंस्ट्रक्शन कम्पनी को कार्यालय भवन के क्रय पर भुगतान किए गए ₹ 5,00,000 की रोकड़ बही में प्रविष्टि नहीं की गई। यह _____ की त्रुटि है।

(A) चूक (लेख) (B) भूल (लोप)

(C) सिद्धान्त (D) क्षतिपूर्ति

**4.** Which of the following is the correct formula for calculating cost of goods sold? 1

(A) Cost of Goods Sold = Net Sales – Gross Profit

(B) Cost of Goods Sold = Net Sales – Net Profit

(C) Cost of Goods Sold = Net Sales + Gross Profit

(D) Cost of Goods Sold = Net Sales + Net Profit

निम्न में से बेचे गए माल की लागत का सही सूत्र कौन-सा है?

(A) बेचे गए माल की लागत = शुद्ध विक्रय – सकल लाभ

(B) बेचे गए माल की लागत = शुद्ध विक्रय – शुद्ध लाभ

(C) बेचे गए माल की लागत = शुद्ध विक्रय + सकल लाभ

(D) बेचे गए माल की लागत = शुद्ध विक्रय + शुद्ध लाभ

*Or / अथवा*

Which is correct when cost of goods sold is subtracted from net sales?

(A) It is net profit (B) It is net loss

(C) It is gross profit/gross loss (D) All of the above

जब शुद्ध विक्रय में से विक्रय किए गए माल की लागत को घटाया जाता है, ऐसे में सही क्या है?

(A) यह शुद्ध लाभ है (B) यह शुद्ध हानि है

(C) यह सकल लाभ/सकल हानि है (D) उपर्युक्त सभी



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**5.** Sundry Debtors, Closing Stock, Bills Receivable, Investments, Cash at Bank when put in liquidity order, it will be

(A) Bills Receivable, Sundry Debtors, Cash at Bank, Investments, Closing Stock

(B) Cash at Bank, Investments, Sundry Debtors, Bills Receivable, Closing Stock

(C) Cash at Bank, Bills Receivable, Sundry Debtors, Investments, Closing Stock

(D) Cash at Bank, Bills Receivable, Sundry Debtors, Closing Stock, Investments 1

विभिन्न देनदार, अन्तिम स्टॉक, प्राप्य विपत्र, विनियोग, बैंक में रोकड़ को जब तरलता क्रम में लिखा जाएगा तब ऐसा होगा

(A) प्राप्य विपत्र, विभिन्न देनदार, बैंक में रोकड़, विनियोग, अन्तिम स्टॉक

(B) बैंक में रोकड़, विनियोग, विभिन्न देनदार, प्राप्य विपत्र, अन्तिम स्टॉक

(C) बैंक में रोकड़, प्राप्य विपत्र, विभिन्न देनदार, विनियोग, अन्तिम स्टॉक

(D) बैंक में रोकड़, प्राप्य विपत्र, विभिन्न देनदार, अन्तिम स्टॉक, विनियोग

*Or / अथवा*

What will be the order of permanence for arranging the following in the Balance Sheet of an enterprise?

I. Creditors

II. Capital

III. Bills payable

IV. Outstanding wages

V. Loan

(A) II, V, I, III, IV

(B) I, II, III, IV, V

(C) II, III, IV, V, I

(D) III, IV, V, I, II



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

निम्न को एक उद्यम के स्थिति विवरण में, स्थायित्व के अनुसार, व्यवस्थित करने का सही तरीका कौन-सा होगा?

I. लेनदार

II. पूँजी

III. देय बिल

IV. अदत्त मजदूरी

V. ऋण

(A) II, V, I, III, IV

(B) I, II, III, IV, V

(C) II, III, IV, V, I

(D) III, IV, V, I, II

**6.** Payment of wages for repair of furniture is an example of

(A) capital expenditure

(B) deferred revenue expenditure

(C) revenue expenditure

(D) Both (A) and (B) 1

फर्नीचर की मरम्मत के लिए मजदूरी भुगतान किसका उदाहरण होगा?

(A) पूँजीगत व्यय

(B) आस्थगित आयगत व्यय

(C) आयगत व्यय

(D) (A) तथा (B) दोनों

*Or / अथवा*

Machine purchased is an example of

(A) revenue expenditure

(B) capital expenditure

(C) revenue receipt

(D) capital receipt

मशीन का क्रय किसका उदाहरण है?

(A) आगम व्यय

(B) पूँजीगत व्यय

(C) आगम प्राप्ति

(D) पूँजीगत प्राप्ति



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**7.** To ascertain profit/loss by preparing Statement of Affairs and taking capital at the end of the year as base, drawings during the year

(A) will be subtracted from the capital balance

(B) will be added to the capital balance

(C) will be subtracted from the profit ascertained

(D) will neither be added to nor subtracted from the capital balance 1

लाभ-हानि निर्धारण के लिए अवस्था विवरण बनाते समय जब वर्ष के अन्त की पूँजी को आधार माना जाता है, तब वर्ष में आहरण को

(A) पूँजी शेष में से घटाया जाएगा

(B) पूँजी शेष में जमा किया जाएगा

(C) निर्धारित लाभ में से घटाया जाएगा

(D) पूँजी शेष में न जमा किया जाएगा और न ही उससे घटाया जाएगा

**8.** On admission of a partner for revaluation of assets and liabilities, the account which is prepared is

(A) Profit and Loss Account

(B) Realization Account

(C) Revaluation Account

(D) Profit and Loss Appropriation Account 1

साझेदार के प्रवेश पर सम्पत्तियों और देयताओं के पुनर्मूल्यांकन पर जो खाता बनाया जाता है, वह है

(A) लाभ-हानि खाता

(B) वसूली खाता

(C) पुनर्मूल्यांकन खाता

(D) लाभ-हानि विनियोजन खाता



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**9.** Which of the following is treated as unrecorded asset? 1

(A) Sale of old furniture

(B) Sale of investment

(C) Bad debts recovered written off in previous year

(D) Goodwill appearing in the Balance Sheet

निम्न में से कौन-सी अनभिलिखित सम्पत्ति मानी जाएगी?

(A) पुराने फर्नीचर का विक्रय

(B) विनियोग का विक्रय

(C) पिछले वर्ष में अपलिखित डूबत ऋण की प्राप्ति

(D) स्थिति विवरण में दर्शाई गई ख्याति

*Or / अथवा*

On retirement of a partner, retiring partner's share of goodwill will be written off between remaining partners in their

(A) sacrificing ratio

(B) old profit-sharing ratio

(C) new profit-sharing ratio

(D) gaining ratio

साझेदार के अवकाश ग्रहण करने पर, उसके भाग की ख्याति की राशि को बचे हुए साझेदारों में अपलिखित किया जाएगा उनके

(A) त्याग अनुपात में

(B) पुराने लाभ-आबंटन अनुपात में

(C) नए लाभ-आबंटन अनुपात में

(D) लाभ अनुपात में

**10.** To arrive at the super profit, which will be subtracted from actual profit? 1

(A) Simple profit

(B) Normal profit

(C) Average profit

(D) Gross profit

अधिलाभ ज्ञात करने के लिए, वास्तविक लाभ में से घटाया जाएगा

(A) सरल लाभ

(B) सामान्य लाभ

(C) औसत लाभ

(D) सकल लाभ


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*Or / अथवा*

Jain and Gupta are two partners sharing profits in the ratio of 4 : 3. Singh is admitted as a new partner for $\frac{2}{7}$th share which he acquires equally from Jain and Gupta. The new profit-loss ratio will be

(A) 4 : 3 : 2 (B) 3 : 3 : 2

(C) 3 : 2 : 2 (D) 3 : 2 : 1

जैन और गुप्ता दो साझेदार हैं, जो लाभ का आबंटन 4 : 3 के अनुपात में करते हैं। सिंह को $\frac{2}{7}$ भाग के लिए नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया जिसका उसने जैन और गुप्ता से समान अनुपात में अधिग्रहण किया। नया लाभ-हानि अनुपात होगा

(A) 4 : 3 : 2 (B) 3 : 3 : 2

(C) 3 : 2 : 2 (D) 3 : 2 : 1

**11.** Vee and Bee are partners sharing profits in the ratio of 3 : 2. Emm was admitted as a partner for $\frac{1}{5}$th share from which he acquired $\frac{1}{10}$th from Vee and $\frac{1}{10}$th from Bee. New profit-sharing ratio will be

(A) 3 : 2 : 1 (B) 3 : 2 : 2

(C) 4 : 3 : 3 (D) 4 : 3 : 2 1

वी और बी साझेदार हैं और लाभ का आबंटन 3 : 2 के अनुपात में करते हैं। एम को $\frac{1}{5}$ भाग के लिए साझेदार बनाया गया, जिसे उसने $\frac{1}{10}$ वी और $\frac{1}{10}$ बी से लिया। नया लाभ आबंटन अनुपात होगा

(A) 3 : 2 : 1 (B) 3 : 2 : 2

(C) 4 : 3 : 3 (D) 4 : 3 : 2

*Or / अथवा*

On admission of a partner, profit of Revaluation A/c is distributed among old partners in their

(A) sacrificing ratio (B) gaining ratio

(C) old ratio (D) new ratio

साझेदार के प्रवेश पर, पुनर्मूल्यांकन से होने वाले लाभ को पुराने साझेदारों में जिस अनुपात में बाँटा जाएगा, वह है उनका

(A) त्याग अनुपात (B) लाभ अनुपात

(C) पुराना अनुपात (D) नया अनुपात



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**12.** When company receives applications for subscription for more number of shares than offered to public, it is a case of

(A) full subscription (B) under-subscription

(C) over-subscription (D) None of the above 1

जब कम्पनी जनसाधारण को प्रस्तावित अंशों से अधिक के अभिदान के लिए आवेदन प्राप्त करती है, तो यह स्थिति होती है

(A) संपूर्ण अभिदान की (B) अल्प अभिदान की

(C) आधिक्य अभिदान की (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

*Or / अथवा*

When share money is to be received in two or more instalments, the first instalment is called

(A) share allotment (B) share application

(C) share first and final call (D) share first call

जब अंश राशि को दो अथवा अधिक किश्तों में माँगा जाता है, तो प्रथम किश्त कहलाती है

(A) अंश आबंटन (B) अंश आवेदन

(C) अंश प्रथम एवं अन्तिम याचना (D) अंश प्रथम याचना

**13.** When 200 shares of ₹ 100 each are forfeited for non-payment of first call of ₹ 20 per share, final call of ₹ 30 is not made Capital Account will be debited by

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 10,000

(C) ₹ 14,000 (D) ₹ 15,000 1

₹ 100 प्रति के 200 अंश ₹ 20 प्रथम याचना के भुगतान न करने पर जब्त किए गए, ₹ 30 प्रति अंश अन्तिम याचना राशि माँगी नहीं गई पूँजी खाता के नाम में लिखा जाएगा

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 10,000

(C) ₹ 14,000 (D) ₹ 15,000

*Or / अथवा*

Company offered to public for subscription 5000 shares of ₹ 100 each. It has received applications for 6000 shares. Company rejects 500 shares all together and allotment is made to the remaining applicants on pro rata basis, excess money will be

(A) debited to Applicants Individual Account

(B) credited to Share Capital Account

(C) credited to Share Allotment Account

(D) credited to Bank Account



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

कम्पनी ने ₹ 100 प्रति के 5000 अंश जनसाधारण को अभिदान हेतु प्रस्तावित किए। इसने 6000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त किए। कम्पनी ने 500 अंश पूर्ण रूप से अस्वीकार कर दिए। शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर आबंटन किया गया। अतिरिक्त राशि को लिखा जाएगा

(A) आवेदकों के निजी खाते के नाम में

(B) अंश पूँजी खाते के जमा में

(C) अंश आबंटन खाते के जमा में

(D) बैंक खाते के जमा में

**14.** A company has forfeited its 100 shares of ₹ 100 each issued at a discount of 10% on which final call of ₹ 30 per share is not received. The Share Capital Account will be debited by

(A) ₹ 7,000 (B) ₹ 9,000

(C) ₹ 10,000 (D) ₹ 12,000 1

एक कम्पनी ने ₹ 100 प्रति के 100 अंशों को जब्त कर लिया, जिन्हें 10% बट्टे पर निर्गमित किया गया था और जिन पर ₹ 30 प्रति अंश अन्तिम याचना प्राप्त नहीं हुई है। पूँजी खाते के नाम में लिखा जाएगा

(A) ₹ 7,000 (B) ₹ 9,000

(C) ₹ 10,000 (D) ₹ 12,000

*Or / अथवा*

Subscribed share capital can never be more than

(A) authorized capital (B) nominal capital

(C) issued capital (D) called-up capital

Which one of the above is correct?

अभिदान अंश पूँजी कभी भी निम्न में से किससे अधिक नहीं हो सकती?

(A) अधिकृत पूँजी (B) नाममात्र पूँजी

(C) निर्गमित पूँजी (D) याचित पूँजी

उपर्युक्त में से कौन-सी सही है?


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**15.** Fill in the blanks (any *one*) : 2

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई **एक**) :

*(a)* A transaction is not recorded is an error of _____ and a transaction is recorded but an error is committed in the process of recording is an error of _____.

*(b)* An error should never be rectified by _____ but should be rectified by _____.

(क) लेनदेन जिसका अभिलेखन नहीं किया गया _____ अशुद्धि है, लेनदेन जिसका अभिलेखन कर लिया गया है लेकिन अभिलेखन के समय अशुद्धि हो गई है, इसे _____ अशुद्धि कहते हैं।

(ख) अशुद्धि का कभी भी _____ से शोधन नहीं किया जाना चाहिए बल्कि इसका शोधन _____ के द्वारा किया जाना चाहिए।

**16.** Give one-word answer for the following (any *two*) : 1×2=2

*(a)* A unit of CPU that controls the activities of all the components of the computer is called what?

*(b)* If the total of the debit side of the Trial Balance is more than the total of its credit side to which account the difference amount will be written?

*(c)* Name the unit, a component of computer that controls the various input devices used for entering data into computer.

निम्न का उत्तर एक शब्द में दीजिए (कोई **दो**) :

(क) केन्द्रीय प्रक्रम इकाई का एक घटक, जो कम्प्यूटर के सभी घटकों की क्रियाओं को नियंत्रित करता है, क्या कहलाता है?

(ख) यदि तलपट के नाम पक्ष का योग इसके जमा पक्ष के योग से अधिक है, तो अन्तर को किस खाते में लिखा जाएगा?

(ग) कम्प्यूटर के उस घटक का नाम बताइए जो कम्प्यूटर में डाटा की प्रविष्टि में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न इनपुट यंत्रों को नियंत्रित करता है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**17.** Complete the sentence given below (any *one*) : 2

*(a)* Wages paid to the workers for day-to-day work is an example of _____expenditure while paid to workers for construction of office building is example of _____ expenditure.

*(b)* In case of business organizations, if income is more than expenditure, it is termed as _____ while in case of not-for-profit organization it is called _____.

नीचे दिया गया वाक्य पूरा कीजिए (कोई **एक**) :

(क) रोजाना के कार्यों के लिए मजदूरों को भुगतान की जाने वाली मजदूरी _____ व्यय का उदाहरण है जबकि कार्यालय के भवन के निर्माण पर मजदूरों को किया गया भुगतान _____ व्यय का उदाहरण है।

(ख) व्यावसायिक संगठनों में यदि आय व्यय से अधिक है, तो यह _____ कहलाता है जबकि अलाभकारी संगठनों में इसे _____ कहते हैं।

**18.** Give one-word answer for the following (any *two*) : 1×2=2

*(a)* In case of admission of a partner in which ratio will general reserve be distributed among old partners?

*(b)* While preparing Revaluation Account increase in the value of stock be debited or credited to it?

*(c)* To which account, the unpaid amount due to a retiring partner is transferred?

उत्तर एक शब्द में दीजिए (कोई **दो**) :

(क) नए साझेदार के प्रवेश पर सामान्य संचय को पुराने साझेदारों में किस अनुपात में बाँटा जाएगा?

(ख) पुनर्मूल्यांकन खाता बनाते समय स्टॉक के मूल्य में वृद्धि को उसके नाम में या जमा में लिखा जाएगा?

(ग) अवकाश ग्रहण करने पर साझेदार को देय राशि, जिसका भुगतान नहीं किया गया है, किस खाते में लिखी जाएगी?

**19.** Fill in the blanks (any *two*) : 1×2=2

*(a)* In case of partnership at will the firm may be dissolved, if any one of the partners gives a _____ to the other partners.



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*(b)* Settlement of a dispute against the firm is treated as _____ liability.

*(c)* Super profit is equal to actual profit – _____.

*(d)* Sacrificing ratio is calculated by deducting _____ share of profit from existing share of profit of the existing partners.

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई **दो**) :

(क) स्वैच्छिक साझेदारी में फर्म का समापन हो जाएगा, जब साझेदारों में से कोई एक अन्य साझेदारों को _____ देगा।

(ख) फर्म के साथ चल रहे झगड़े के निपटान पर इसे _____ देयता माना जाएगा।

(ग) अधिलाभ = वास्तविक लाभ – _____ होता है।

(घ) त्याग अनुपात की गणना वर्तमान साझेदारों के वर्तमान लाभ के भाग में से _____ के लाभ को घटाकर की जाती है।

**20.** Give one-word answer for the following (any *two*) : 1×2=2

*(a)* To which account, the issue price of shares issued to promoters will be debited?

*(b)* While issuing shares at premium, how much maximum premium can be collected from the buyers of shares?

*(c)* If some shares of ₹ 100 each are forfeited for non-payment of final call of ₹ 40, by how much amount per share will be credited to the Forfeited Shares Account?

निम्न के उत्तर एक शब्द में दीजिए (कोई **दो**) :

(क) प्रवर्तकों को निर्गमित अंशों के निर्गमित मूल्य की खतौनी किस खाते के नाम पक्ष में की जाएगी?

(ख) अंशों को प्रीमियम पर निर्गमित करते समय, इनके क्रेताओं से अधिकतम कितनी प्रीमियम राशि ली जा सकती है?

(ग) यदि ₹ 100 के कुछ अंश ₹ 40 प्रति अंश की अंतिम याचना का भुगतान नहीं करने पर जब्त कर लिए जाते हैं, तो प्रति अंश जब्त खाते के जमा पक्ष में कितनी राशि की खतौनी की जाएगी?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**21.** Name the type of vouchers to be made for the following transactions (any *four*) : 1×4=4

*(a)* Depreciation charged on machinery

*(b)* Purchased goods for cash

*(c)* Paid interest on bank loan

*(d)* Cash sales of goods

*(e)* Sold goods on credit

निम्न लेनदेनों के लिए बनाए जाने वाले प्रमाणकों के नाम दीजिए (कोई **चार**) :

(क) मशीनरी पर ह्रास लगाया

(ख) माल का नकद क्रय किया

(ग) बैंक ऋण पर ब्याज का भुगतान किया

(घ) माल का नकद विक्रय किया

(ङ) माल का उधार विक्रय किया

**22.** Name the accounting errors for the following errors (any *four*) : 1×4=4

*(a)* Purchase book is under-caste by ₹ 1,000.

*(b)* Cash paid ₹ 5,000 to Ashok was to correctly entered in the cash book but was posted to his debit as ₹ 4,500.

*(c)* Salary paid to office employees was not posted to Salary Account.

*(d)* Repairs of building was debited to Building Account.

*(e)* *X*'s Account was debited by ₹ 3,200 instead of ₹ 2,300 while *Y*'s Account was debited by ₹ 2,300 instead of ₹ 3,200.

*(f)* Goods sold on credited was not entered in the sales book.

निम्न अशुद्धियों के लिए लेखा अशुद्धियों के नाम लिखिए (कोई **चार**) :

(क) क्रय बही का योग ₹ 1,000 कम लगाया गया।

(ख) अशोक को ₹ 5,000 का नकद भुगतान किया, रोकड़ बही में सही प्रविष्टि की गई लेकिन अशोक के नाम में ₹ 4,500 लिखे गए।

(ग) कार्यालय के कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया लेकिन वेतन खाते में खतौनी नहीं की गई।

(घ) भवन की मरम्मत पर किया गया व्यय भवन खाते के नाम लिखा गया।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(ङ) *X* के खाते के नाम में ₹ 2,300 के स्थान पर ₹ 3,200 लिखा गया जबकि *Y* के खाते के नाम में ₹ 3,200 के स्थान पर ₹ 2,300 लिखा गया।

(च) माल के उधार विक्रय की विक्रय बही में प्रविष्टि नहीं की गई।

**23.** Give one-word answer for the following (any *four*) : 1×4=4

*(a)* Gross loss is transferred to which side of Profit and Loss Account?

*(b)* If assets side and liabilities side of Balance Sheet do not tally, to which account difference amount is written?

*(c)* Donation of ₹ 60,000 received for construction of building of a sports club. Where will it be shown in Club's Final Accounts?

*(d)* If using statement of affair method to ascertain profit/loss of a business unit and taking closing capital as base, capital introduced during the year will be added to or deducted from it?

*(e)* How will the bad debts shown in the adjustment be treated in Final Accounts of business firm?

*(f)* Expenditure incurred on purchase of machine is known as what?

निम्न के उत्तर एक शब्द में दीजिए (कोई **चार**) :

(क) सकल हानि को लाभ-हानि खाते के किस ओर हस्तान्तरित किया जाता है?

(ख) यदि स्थिति विवरण के सम्पत्ति पक्ष और देयता पक्ष का जोड़ समान नहीं है, तो अन्तर राशि को किस खाते में लिखा जाएगा?

(ग) एक स्पोर्ट्स क्लब के भवन-निर्माण के लिए ₹ 60,000 का दान प्राप्त हुआ है। क्लब के अन्तिम खातों में इसको कहाँ दर्शाया जाएगा?

(घ) एक व्यावसायिक इकाई लाभ/हानि निर्धारण के लिए अवस्था विवरण पद्धति का उपयोग करती है। इसके लिए यदि अन्तिम पूँजी को आधार माना है, तो वर्ष के दौरान लगाई गई पूँजी को इसमें जोड़ा जाएगा अथवा घटाया जाएगा?

(ङ) समायोजन में दिखाए गए अप्राप्य ऋण का व्यावसायिक फर्म के अन्तिम खातों में अभिलेखन कैसे होगा?

(च) मशीन के क्रय पर किया गया व्यय क्या कहलाता है?



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**24.** Give one-word answer for the following (any *four*) : 1×4=4

*(a)* If goodwill is to be calculated by super profit method, how will super profit be calculated?

*(b)* How will a firm be dissolved when a partner's conduct is likely to adversely affect the business of the firm?

*(c)* Alia, Keerti and Sara are partners sharing profits in the ratio of 4 : 3 : 2. Keerti retired and her share was taken by remaining partners in the ratio of 1 : 1. What will be the new ratio of Alia and Sara?

*(d)* A loan of Happu Singh's mother appears in the Balance Sheet of the firm in which he is a partner. Will her loan be settled through Realization Account or will be paid directly?

*(e)* Why goodwill tends to be high if the firm is located at a central place?

*(f)* In case of increase in the value of stock, Revaluation Account will be debited or credited?

निम्न के उत्तर एक शब्द में दीजिए (कोई **चार**) :

(क) यदि ख्याति की गणना अधिलाभ विधि से की जाए, तो अधिलाभ की गणना कैसे की जाएगी?

(ख) जब एक साझेदार का व्यवहार व्यवसाय पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है, तो फर्म का समापन किस विधि से होगा?

(ग) आलिया, कीर्ति और सारा साझेदार हैं और लाभ का आबंटन 4 : 3 : 2 के अनुपात में करते हैं। कीर्ति ने अवकाश ग्रहण किया और अन्य साझेदारों ने उसके लाभ में हिस्से को 1 : 1 में ले लिया है। आलिया और सारा का नया लाभ-हानि अनुपात क्या होगा?

(घ) हप्पू सिंह जिस फर्म में साझेदार है उसके स्थिति विवरण में उसकी माँ के नाम का ऋण दिया हुआ है। उसके ऋण का निपटान वसूली खाते के माध्यम से होगा अथवा प्रत्यक्ष रूप से?

(ङ) व्यवसाय यदि केन्द्रीय स्थल पर स्थित है, तो ख्याति का रुझान ऊँचा क्यों होगा?

(च) स्टॉक के मूल्य में वृद्धि होने पर पुनर्मूल्यांकन खाते के नाम में लिखा जाएगा अथवा जमा में?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**25.** Explain the term 'journal proper'. 2

'मुख्य रोजनामचा' को समझाइए।

*Or / अथवा*

What is an outstanding expense? Give *one* example.

अदत्त व्यय किसे कहते हैं? **एक** उदाहरण भी दीजिए।

**26.** In single-entry system, why Balance Sheet cannot be prepared to ascertain the true financial position of the business on a particular date? 2

एक-अंकन प्रणाली में, एक तिथि विशेष को व्यवसाय की सही वित्तीय स्थिति का निर्धारण करने के लिए स्थिति विवरण क्यों नहीं बनाया जा सकता?

*Or / अथवा*

Explain the term 'subscription'.

'चंदा' शब्द की व्याख्या कीजिए।

**27.** What is the result of forfeiture of shares? 2

अंशों को जब्त करने का परिणाम क्या होता है?

*Or / अथवा*

What is meant by shares issued at premium? Name the account to which premium amount will be transferred.

अंशों के प्रीमियम पर निर्गमन से क्या अभिप्राय है? प्रीमियम की राशि को किस खाते में हस्तान्तरित किया जाएगा? नाम बताइए।

**28.** 200 shares of ₹ 100 each are forfeited for non-payment of first and final call of ₹ 40 each. Pass Journal Entry for forfeiture of shares. 2

₹ 100 प्रति के 200 अंशों को ₹ 40 प्रति अंश अन्तिम याचना राशि का भुगतान न किए जाने पर जब्त कर लिया गया। अंशों को जब्त करने की रोजनामचा प्रविष्टि कीजिए।

*Or / अथवा*

Pass Journal Entry in the above case for reissue of forfeited shares if 150 shares are reissued at ₹ 60 per share.

उपर्युक्त मामले में जब्त किए 150 अंशों को ₹ 60 प्रति अंश के पुनर्निर्गमन की रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**29.** Why is ledger maintained by a business firm? Give any *three* reasons. 3

एक व्यावसायिक फर्म खाता-बही क्यों बनाती है? कोई **तीन** कारण बताइए।

*Or / अथवा*

Name the ledgers which will contain the following accounts :

*(a)* Building Account

*(b)* Bank Account

*(c)* Rent Paid Account

*(d)* Prepaid Insurance Account

*(e)* Trade Creditors

*(f)* Interest Received

उन खाता-बहियों के नाम दीजिए जिनमें नीचे दिए गए खाते बने होते हैं :

(क) भवन खाता

(ख) बैंक खाता

(ग) किराये का भुगतान

(घ) पूर्वदत्त बीमा खाता

(ङ) व्यापार लेनदार

(च) ब्याज प्राप्त किया

**30.** Pass necessary Journal Entries for the following adjustments (any *three*) : 1×3=3

*(a)* Closing stock

*(b)* Wages outstanding

*(c)* Rent paid in advance

*(d)* Depreciation on machinery

*(e)* Further bad debts

नीचे दिए गए समायोजनों की आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए (कोई **तीन**) :

(क) अन्तिम स्टॉक

(ख) अदत्त मजदूरी

(ग) किराए का अग्रिम भुगतान

(घ) मशीनों पर ह्रास

(ङ) अतिरिक्त अप्राप्य ऋण



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*Or* / *अथवा*

From the following, calculate the amount of subscription for the year ending 31st March, 2024 for Income and Expenditure Account : 3

| | ₹ |
|---|---|
| Subscription received in 2023–24 | 30,000 |
| On 31st March, 2024, subscription outstanding | 3,000 |
| Subscription received in 2022–23 for 2023–24 | 1,800 |
| Subscription received in 2023–24 for Subscription outstanding in 2022–23 | 1,000 |
| Subscription received in 2023–24 for 2024–25 | 1,200 |

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए आय-व्यय खाता के लिए चंदा-राशि की गणना निम्नलिखित से कीजिए :

| | ₹ |
|---|---|
| 2023–24 में चंदा प्राप्त किया | 30,000 |
| 31 मार्च, 2024 को अदत्त चंदा | 3,000 |
| 2022–23 में 2023-24 के लिए प्राप्त चंदा | 1,800 |
| 2023-24 में 2022-23 के लिए अदत्त चंदा की प्राप्ति | 1,000 |
| 2023-24 में 2024-25 के लिए प्राप्त चंदा | 1,200 |

**31.** Enumerate any *six* items legal representatives of a deceased partner are entitled to. 3

मृतक साझेदार के कानूनी प्रतिनिधि जिन राशियों की प्राप्ति के अधिकारी हैं, उनमें से किन्हीं **छः** के नाम लिखिए।

*Or* / *अथवा*

State any *three* factors affecting goodwill.

ख्याति को प्रभावित करने वाले किन्हीं **तीन** कारकों का उल्लेख कीजिए।

**32.** Explain the terms 'under-subscription' and 'over-subscription'. 3

'अल्प-अभिदान' और 'अधि-अभिदान' शब्दों की व्याख्या कीजिए।

*Or* / *अथवा*

Explain the term shares issued at discount. Give an example.

बट्टे पर निर्गमित अंशों की व्याख्या कीजिए। उदाहरण दीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**33.** Explain in brief the procedure of forfeiture of shares. 3

अंशों को जब्त करने की प्रक्रिया को संक्षेप में समझाइए।

*Or / अथवा*

What Journal Entries will be passed on forfeiture of shares issued at discount and if the same are reissued?

बट्टे पर जारी किए गए अंशों को जब्त करने पर, और यदि उन्हें दोबारा जारी किया जाए, तो क्या रोजनामचा प्रविष्टियाँ की जाएँगी?

**34.** From the following Trial Balance of Apoorva & Sisters as on 31st March, 2024, prepare Trading and Profit & Loss Account for the year ending 31st March, 2024 and Balance Sheet as on that date : 5

*Trial Balance as on 31st March, 2024*

| *Name of Account* | *Dr. Balance* (₹) | *Cr. Balance* (₹) |
|---|---|---|
| Stock (01.04.2023) | 44,000 | |
| Purchases | 80,000 | |
| Carriage Inward | 8,000 | |
| Sales | | 1,64,000 |
| Insurance | 8,000 | |
| Salaries | 8,000 | |
| Conveyance | 4,000 | |
| Bonus to Salesmen | 15,000 | |
| Land and Building | 40,000 | |
| Office Computers | 40,000 | |
| Debtors | 45,000 | |
| Creditors | | 48,000 |
| Cash at Bank | 20,000 | |
| Capital | | 1,00,000 |
| | 3,12,000 | 3,12,000 |



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*Adjustments* :

*(i)* Stock on 31st March, 2024 was ₹ 52,000

*(ii)* Prepaid insurance was ₹ 1,200

*(iii)* Make a provision for Bad and Doubtful Debts @ 5% on Debtors

*(iv)* Depreciate computers @ 10%

अपूर्वा ऐंड सिस्टर्स के 31 मार्च, 2024 के नीचे दिए गए तलपट से 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए व्यापार एवं लाभ-हानि खाता बनाइए तथा उसी तिथि को स्थिति विवरण तैयार कीजिए :

*31 मार्च, 2024 को तलपट*

| *खाते का नाम* | *नाम शेष* (₹) | *जमा शेष* (₹) |
|---|---|---|
| स्टॉक (01.04.2023) | 44,000 | |
| क्रय | 80,000 | |
| भाड़ा आवक | 8,000 | |
| विक्रय | | 1,64,000 |
| बीमा | 8,000 | |
| वेतन | 8,000 | |
| परिवहन | 4,000 | |
| विक्रयकर्ताओं को बोनस | 15,000 | |
| भूमि एवं भवन | 40,000 | |
| कार्यालयी कम्प्यूटर | 40,000 | |
| देनदार | 45,000 | |
| लेनदार | | 48,000 |
| बैंक में रोकड़ | 20,000 | |
| पूँजी | | 1,00,000 |
| | 3,12,000 | 3,12,000 |

*समायोजन* :

*(i)* 31 मार्च, 2024 को स्टॉक ₹ 52,000 मूल्य का था

*(ii)* पूर्वदत्त बीमा ₹ 1,200 था

*(iii)* देनदारों पर 5% से अप्राप्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान कीजिए

*(iv)* कम्प्यूटरों पर 10% से ह्रास लगाना है



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*Or* / *अथवा*

Following is the Receipts and Payments Account of Rural Wellness Society (Regd) for the year ending 31st March, 2024. Prepare Income and Expenditure Account for the year ending 31st March, 2024 and Balance Sheet as on that date :

*Receipts and Payments Account*
*for the year ending 31st March, 2024*

*Dr.* *Cr.*

| *Receipts* | *Amount* (₹) | *Payments* | *Amount* (₹) |
|---|---|---|---|
| To Balance b/d | 42,600 | By Honorarium of Doctors | 15,000 |
| " Subscriptions | 36,000 | " Salary of Nursing Staff | 20,000 |
| " Entrance Fees | 2,400 | " Maintenance of Dispensary | 8,000 |
| " Registration fees from Patients | 4,000 | " Office Expenses | 16,000 |
| " Donations | 35,000 | " Expenses on Workshop of Volunteers | 15,000 |
| " Grant from Block Development Board | 60,000 | " Conveyance | 6,000 |
| | | " Medicines | 30,000 |
| | | " Publicity | 18,000 |
| | | " Expenses on Free Medical Check-up Camp | 28,000 |
| | | " Balance c/d | 24,000 |
| | 1,80,000 | | 1,80,000 |

*Additional Information* :

*(i)* On 31st March, 2023, the society had mobile van of ₹ 60,000 and stock of medicines of ₹ 8,000

*(ii)* On 31st March, 2024, subscription outstanding was ₹ 3,000



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए रूरल वेलनेस सोसाइटी (पंजी०) का प्राप्ति एवं भुगतान खाता निम्न है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाता बनाइए तथा इसी तिथि को स्थिति विवरण तैयार कीजिए :

*प्राप्ति एवं भुगतान खाता*

*नाम* *31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए* *जमा*

| *प्राप्तियाँ* | *राशि* (₹) | *भुगतान* | *राशि* (₹) |
|---|---|---|---|
| शेष आ० ला० | 42,600 | डॉक्टरों का मानदेय | 15,000 |
| चंदा | 36,000 | नर्सिंग स्टाफ का वेतन | 20,000 |
| प्रवेश शुल्क | 2,400 | डिस्पेंसरी का रख-रखाव | 8,000 |
| मरीजों का पंजीकरण शुल्क | 4,000 | कार्यालयी व्यय | 16,000 |
| दान राशि | 35,000 | वॉलन्टियरों का कार्यशाला व्यय | 15,000 |
| ब्लॉक विकास बोर्ड से अनुदान | 60,000 | परिवहन व्यय | 6,000 |
| | | दवाइयाँ | 30,000 |
| | | प्रचार व्यय | 18,000 |
| | | मुफ्त स्वास्थ्य जाँच शिविर पर व्यय | 28,000 |
| | | शेष आ० ले० | 24,000 |
| | 1,80,000 | | 1,80,000 |

*अतिरिक्त सूचना* :

*(i)* 31 मार्च, 2023 को सोसाइटी के पास ₹ 60,000 की मोबाइल वैन और ₹ 8,000 का दवाइयों का स्टॉक था

*(ii)* 31 मार्च, 2024 को अदत्त चंदा ₹ 3,000 था



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**35.** Kaira and Rakhee are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. Their Balance Sheet as on 31st March, 2024 was as follows :

*Balance Sheet of Kaira and Rakhee*
*as on 31st March, 2024*

| *Liabilities* | *Amount* (₹) | *Assets* | *Amount* (₹) |
|---|---|---|---|
| Trade Payables | 64,000 | Cash at Bank | 23,000 |
| General Reserve | 45,000 | Debtors | 42,000 |
| Capitals : | | Stock | 45,000 |
| Kaira | 75,000 | Building | 60,000 |
| Rakhee | 50,000 | Furniture | 24,000 |
| | | Office Computer | 40,000 |
| | 2,34,000 | | 2,34,000 |

On the above date, Rashmi was admitted as a partner with $\frac{1}{5}$th share in profits. The terms agreed upon were as follows :

*(i)* Rashmi will bring ₹ 50,000 as her capital and ₹ 25,000 as her share of goodwill premium

*(ii)* Stock was valued at ₹ 52,000 and Building at ₹ 68,000

*(iii)* Depreciation to be provided on Furniture @ 10%

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and Balance Sheet of the new firm. 5

कैयरा और राखी एक फर्म में साझीदार हैं, लाभ का आबंटन 3 : 2 में करती हैं। 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण निम्न था :

*कैयरा एवं राखी का स्थिति विवरण*
*31 मार्च, 2024 को*

| *देयताएँ* | *राशि* (₹) | *सम्पत्तियाँ* | *राशि* (₹) |
|---|---|---|---|
| व्यापार देय | 64,000 | बैंक में रोकड़ | 23,000 |
| सामान्य संचय | 45,000 | देनदार | 42,000 |
| पूँजी : | | स्टॉक | 45,000 |
| कैयरा | 75,000 | भवन | 60,000 |
| राखी | 50,000 | फर्नीचर | 24,000 |
| | | कार्यालयी कम्प्यूटर | 40,000 |
| | 2,34,000 | | 2,34,000 |


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

उसी तिथि को रश्मि को लाभ में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए साझेदार बनाया गया। निम्न शर्तों पर सहमति हुई :

*(i)* रश्मि ₹ 50,000 अपनी पूँजी और ₹ 25,000 अपने भाग की ख्याति प्रीमियम के लाएगी

*(ii)* स्टॉक का मूल्य ₹ 52,000 तथा भवन का मूल्य ₹ 68,000 आँका गया

*(iii)* फर्नीचर पर 10% की दर से ह्रास लगाना है

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण बनाइए।

*Or / अथवा*

Ranveer and Karan were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. Their Balance Sheet as on 31st March, 2024 was as follows :

*Balance Sheet of Ranveer and Karan*
*as on 31st March, 2024*

| *Liabilities* | *Amount* (₹) | *Assets* | *Amount* (₹) |
|---|---|---|---|
| Sundry Creditors | 42,000 | Cash at Bank | 26,000 |
| General Reserve | 30,000 | Sundry Debtors | 40,000 |
| Capitals : | | Stock | 45,000 |
| Ranveer | 54,000 | Investments | 36,000 |
| Karan | 48,000 | Sundry Fixed Assets | 58,000 |
| Ranveer's Mother's Loan | 46,000 | Profit and Loss A/c | 15,000 |
| | 2,20,000 | | 2,20,000 |

On the above date, the firm was dissolved. The realization of assets and settlement of liabilities was as follows :

*Realization from Assets* :

*(i)* Sundry Debtors—₹ 36,000

*(ii)* Stock—₹ 48,000

*(iii)* Investments—₹ 40,000

*(iv)* Fixed Assets—₹ 52,000

*Settlement of Liabilities* :

*(i)* Creditors were paid in full settlement—₹ 40,000

*(ii)* Ranveer agreed to pay his Mother's loan

Realization expenses were ₹ 3,500

Prepare Realization Account, Partners' Capital Accounts and Bank Account.



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

रनवीर और करण एक फर्म में साझेदार थे तथा लाभ का आबंटन 3 : 2 के अनुपात में कर रहे थे। 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण निम्न था :

*रनवीर एवं करण का स्थिति विवरण 31 मार्च, 2024 को*

| *देयताएँ* | *राशि (₹)* | *परिसम्पत्तियाँ* | *राशि (₹)* |
|---|---|---|---|
| विभिन्न लेनदार | 42,000 | बैंक में रोकड़ | 26,000 |
| सामान्य संचय | 30,000 | विभिन्न देनदार | 40,000 |
| पूँजी : | | स्टॉक | 45,000 |
| रनवीर | 54,000 | विनियोग | 36,000 |
| करण | 48,000 | विभिन्न स्थाई सम्पत्तियाँ | 58,000 |
| रनवीर की माँ का ऋण | 46,000 | लाभ-हानि खाता | 15,000 |
| | 2,20,000 | | 2,20,000 |

उपरोक्त तिथि को फर्म का समापन कर दिया गया। सम्पत्तियों से वसूली और देयताओं का निपटान इस प्रकार था :

सम्पत्तियों से वसूली :

*(i)* विभिन्न देनदार—₹ 36,000

*(ii)* स्टॉक—₹ 48,000

*(iii)* विनियोग—₹ 40,000

*(iv)* स्थाई सम्पत्तियाँ—₹ 52,000

*देयताओं का निपटान* :

*(i)* देयताओं को ₹ 40,000 का भुगतान कर पूर्ण निपटान किया गया

*(ii)* रनवीर अपनी माँ के ऋण के भुगतान के लिए सहमत हो गया

वसूली व्यय—₹ 3,500

वसूली खाता, साझेदारों के पूँजी खाते और बैंक खाता बनाइए।

**36.** VB Aeronautics Ltd. was registered with 10000 shares of ₹ 100 each. The company offered to public for subscription its 5000 shares of ₹ 100 each at par. The amount was payable as follows :

On Application—₹ 30 per share

On Allotment—₹ 40 per share

On First and Final Call—₹ 30 per share

Applications were received for 6000 shares. Shares were allotted to all applicants on pro rata basis. Excess application money was adjusted



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

towards sum due on allotment. All calls were made and money was duly received except on 400 shares held by Ammu Kabadi, on which call money was not received. All these shares were forfeited.

Pass Journal Entries in the books of the company for the above transactions. 5

वी० बी० एयरोनॉटिक्स लि० का पंजीयन ₹ 100 प्रति के 10000 अंशों के साथ किया गया। कम्पनी ने ₹ 100 प्रति के 5000 अंश सममूल्य पर जनसाधारण को अभिदान हेतु प्रस्तावित किया। राशि का भुगतान निम्न प्रकार से किया जाना था :

आवेदन पर—₹ 30 प्रति अंश

आबंटन पर—₹ 40 प्रति अंश

प्रथम एवं अन्तिम याचना पर—₹ 30 प्रति अंश

6000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। अंशों का आबंटन सभी आवेदकों को आनुपातिक आधार पर किया गया। आवेदन पर प्राप्त आधिक्य राशि को आंबटन पर देय राशि में समायोजित कर दिया गया। सभी याचना राशि माँग ली गई तथा राशि यथावत् प्राप्त हो गई। अम्मू कबाडी के 400 अंशों पर याचना राशि प्राप्त नहीं हुई। इन अंशों को जब्त कर लिया गया।

उपर्युक्त लेनदेनों की कम्पनी की लेखा पुस्तकों में रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

*Or / अथवा*

Pass Journal Entries in the following cases :

*(i)* Company issued its 200 shares of ₹ 100 each at a premium of ₹ 20 each to vendors

*(ii)* Company issued its 400 shares of ₹ 100 each to promoters for their services

*(iii)* 150 shares of ₹ 100 each forfeited for non-payment of first and final call of ₹ 30 per share, 100 of these shares were reissued at a discount of ₹ 40 per share

निम्न की रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

*(i)* कम्पनी ने अपने ₹ 100 प्रति के 200 अंश ₹ 20 प्रति अंश प्रीमियम पर अपने वेन्डरों को निर्गमित किए

*(ii)* ₹ 100 प्रति के 400 अंश कम्पनी ने अपने प्रवर्तकों को उनकी सेवाओं के बदले निर्गमित किए

*(iii)* ₹ 100 प्रति के 150 अंशों को ₹ 30 की प्रथम एवं अन्तिम याचना के भुगतान न करने पर जब्त कर लिया गया। इनमें से 100 अंशों को ₹ 40 प्रति अंश बट्टे पर पुनःनिर्गमित कर दिया गया



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## SECTION—B

## खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

**( Analysis of Financial Statements )**

**( वित्तीय विवरणों का विश्लेषण )**

**37.** Ratios are regarded as _____ of a business organization.

(A) test of earning capacity

(B) financial soundness

(C) operating efficiency

(D) accounts properly maintained

Which of the above is ***not*** correct? 1

अनुपातों को एक व्यावसायिक संगठन की/के _____ माना जाता है।

(A) अर्जन-क्षमता का परीक्षण

(B) वित्तीय सुदृढ़ता

(C) परिचालन कुशलता

(D) खातों का सही रूप में रखरखाव

उपर्युक्त में से कौन-सा सही **नहीं** है?

*Or / अथवा*

What is correct regarding liquid ratio?

(A) It is a ratio between Current Assets and Current Liabilities

(B) It is a ratio between Liquid Assets and Sundry Creditors

(C) It is a ratio between Quick Assets and Current Liabilities

(D) It is a ratio between Liquid Assets and Fixed Assets



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

तरलता अनुपात के सम्बन्ध में क्या सही है?

(A) यह चालू सम्पत्तियों और चालू देयताओं के बीच अनुपात है

(B) यह तरल सम्पत्तियों और विविध लेनदारों के बीच अनुपात है

(C) यह त्वरित सम्पत्तियों और चालू देयताओं के बीच अनुपात है

(D) यह तरल सम्पत्तियों और स्थाई सम्पत्तियों के बीच अनुपात है

**38.** Which of the following is an example of cash flow from operating activities? 1

(A) Interest received
(B) Dividend received
(C) Issue of shares
(D) Cash sales

निम्न में से कौन-सा परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह का उदाहरण है?

(A) ब्याज प्राप्त किया
(B) लाभांश प्राप्त किया
(C) अंशों का निर्गमन
(D) नकद विक्रय

*Or / अथवा*

Which of the following will increase outflow of financial activities?

(A) Cash purchase of goods

(B) Purchase of government bonds

(C) Payment of dividends to shareholders

(D) Cash paid to suppliers

निम्न में से कौन-सा वित्तीय क्रियाओं के बहिर्वाह में वृद्धि करेगा?

(A) माल का नकद क्रय

(B) सरकारी बॉन्ड का क्रय

(C) अंशधारकों को लाभांश का भुगतान

(D) आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान

**39.** Cash flow statement shows

(A) cash receipts only

(B) cash payments only

(C) both cash receipts and cash payments

(D) None of the above 1



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

रोकड़ प्रवाह विवरण दर्शाता है

(A) केवल रोकड़ प्राप्तियाँ

(B) केवल रोकड़ भुगतान

(C) रोकड़ प्राप्ति और भुगतान

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

*Or / अथवा*

To judge the short-term solvency of a firm, the ratio used is

(A) inventory turnover ratio (B) debt-equity ratio

(C) liquid ratio (D) current ratio

किसी फर्म की अल्पकालिक शोधन-क्षमता का आकलन करने के लिए _____ अनुपात का प्रयोग किया जाता है।

(A) रहतिया आवर्त अनुपात (B) ऋण-समता अनुपात

(C) त्वरित अनुपात (D) चालू अनुपात

**40.** Which of the following organizations prepares cash flow statement? 1

(A) Partnership firms (B) Not-for-profit organizations

(C) Listed companies (D) Private Ltd. companies

निम्न में से कौन-सा संगठन रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करता है?

(A) साझेदारी फर्म (B) अलाभकारी संगठन

(C) सूचीबद्ध कम्पनियाँ (D) निजी कम्पनियाँ

*Or / अथवा*

If provision for taxation for 2023–24 was ₹ 30,000 and for 2022–23 was ₹ 20,000, while provision for taxation charged to statement of profit and loss for 2023–24 was ₹ 50,000, cash used is

(A) ₹ 10,000 (B) ₹ 30,000

(C) ₹ 40,000 (D) ₹ 50,000



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

यदि 2023–24 के लिए कर का प्रावधान ₹ 30,000 था और 2022–23 के लिए ₹ 20,000, 2023–24 के लाभ-हानि विवरण में लिखे गए कर के लिए प्रावधान ₹ 50,000 था, तो उपयोग किया हुआ रोकड़ है

(A) ₹ 10,000 (B) ₹ 30,000

(C) ₹ 40,000 (D) ₹ 50,000

**41.** Liquid Ratio is 1·5 : 1

Current Assets—₹ 54,000

Current Liabilities—₹ 30,000

Closing Stock will be

(A) ₹ 4,000 (B) ₹ 5,000

(C) ₹ 9,000 (D) ₹ 10,000 1

त्वरित अनुपात 1·5 : 1 है

चालू सम्पत्तियाँ—₹ 54,000

चालू देयताएँ—₹ 30,000

अन्तिम स्टॉक होगा

(A) ₹ 4,000 (B) ₹ 5,000

(C) ₹ 9,000 (D) ₹ 10,000

*Or / अथवा*

Which will ***not*** increase the cash flow from investing activities?

(A) Dividend received (B) Profit on sale of fixed assets

(C) Proceeds from sale of fixed assets (D) Issue of debentures

निम्न में से कौन-सा विनियोग क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह में वृद्धि **नहीं** करेगा?

(A) लाभांश प्राप्त हुआ (B) स्थाई सम्पत्तियों की बिक्री से लाभ

(C) स्थाई सम्पत्तियों के विक्रय से प्राप्ति (D) ऋणपत्रों का निर्गमन

**42.** Cost of goods sold is ₹ 4,20,000. Stock turnover ratio is 6 times. Closing stock is ₹ 20,000 more than the opening stock, opening stock will be

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 30,000

(C) ₹ 40,000 (D) ₹ 60,000 1



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

बेचे गए माल की लागत ₹ 4,20,000 है। स्टॉक आवर्त अनुपात 6 गुना है। अन्तिम स्टॉक, आरम्भिक स्टॉक से ₹ 20,000 अधिक है, आरम्भिक स्टॉक होगा

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 30,000

(C) ₹ 40,000 (D) ₹ 60,000

**43.** Complete the following sentences (any *two*) : 1×2=2

*(a)* Proprietary ratio is calculated dividing shareholders' funds by _____.

*(b)* Effect of decrease in inventories on cash flow from operating activities is that it amounts to _____.

*(c)* Cash flows are classified into operating activities, investing activities and _____.

निम्न वाक्यों को पूरा कीजिए (कोई **दो**) :

(क) स्वामित्व अनुपात की गणना अंशधारक कोष को जिससे भाग देने से की जाती है, वह _____ है।

(ख) स्टॉक में कमी, परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह को इस प्रकार प्रभावित करता है कि इसका परिणाम _____ निकलता है।

(ग) रोकड़ प्रवाह को प्रचालन गतिविधियों, निवेश गतिविधियों तथा _____ में वर्गीकृत किया जाता है।

**44.** What is meant by inventory turnover ratio? State its significance. 2

रहतिया आवर्त अनुपात का क्या अर्थ है? इसके महत्त्व को समझाइए।

*Or / अथवा*

What is meant by 'inflow of cash' and 'outflow of cash'? Give *one* example of each, i.e., inflow and outflow of cash.

'रोकड़ के अन्तर्वाह' और 'रोकड़ के बहिर्वाह' का क्या अर्थ है? रोकड़ के अन्तर्वाह और रोकड़ के बहिर्वाह का **एक-एक** उदाहरण दीजिए।

**45.** Calculate Debt-Equity Ratio from the following information : 2

Share Capital—₹ 1,50,000
General Reserve—₹ 60,000
Accumulated Profit—₹ 40,000
Debentures—₹ 75,000
Creditors—₹ 25,000



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

निम्न सूचना से ऋण-समता अनुपात की गणना कीजिए :

अंश पूँजी—₹ 1,50,000

सामान्य संचय—₹ 60,000

संचित लाभ—₹ 40,000

ऋणपत्र—₹ 75,000

लेनदार—₹ 25,000

*Or / अथवा*

From the following information, calculate cash from financing activities :

| *Particulars* | *31st March, 2023* (₹) | *31st March, 2024* (₹) |
|---|---|---|
| Equity Share Capital | 4,00,000 | 5,00,000 |
| 10% Loan on Mortgage | 2,50,000 | 2,00,000 |
| Securities Premium | 60,000 | 75,000 |

*Additional Information* :

Interest paid on loan—₹ 25,000

निम्न सूचना से वित्तीय क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए :

| *विवरण* | *31 मार्च, 2023* (₹) | *31 मार्च, 2024* (₹) |
|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 4,00,000 | 5,00,000 |
| 10% बंधक ऋण | 2,50,000 | 2,00,000 |
| प्रतिभूति प्रीमियम | 60,000 | 75,000 |

*अतिरिक्त सूचना* :

ऋण पर ब्याज भुगतान—₹ 25,000

**46.** What is meant by liquid ratio? Explain its significance. 3

तरलता अनुपात का क्या अर्थ है? इसके महत्त्व को समझाइए।

*Or / अथवा*

What is current ratio? Write any *four* items of current assets one of the two components of current ratio.

चालू अनुपात किसे कहते हैं? चालू अनुपात के दोनों घटकों में से एक घटक, चालू सम्पत्तियों की **चार** मदों के नाम दीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**47.** From the following Balance Sheets of SK Startups Ltd. as on 31st March, 2023 and 31st March, 2024, prepare Cash Flow Statement : 5

*Balance Sheets of SK Startups Ltd.*

| *Particulars* | *Note No.* | *31.3.2024* (₹) | *31.3.2023* (₹) |
|---|---|---|---|
| I. *Equity and Liabilities* : | | | |
| 1. Shareholders' Funds : | | | |
| *(a)* Share Capital | | 6,00,000 | 5,00,000 |
| *(b)* Reserves and Surplus (as per statement of profit and loss) | | 3,00,000 | 2,00,000 |
| 2. Non-Current Liabilities : | | | |
| Bank Loan | | 1,20,000 | 1,50,000 |
| 3. Current Liabilities : | | | |
| Trade Payables | | 80,000 | 1,00,000 |
| Total | | 11,00,000 | 9,50,000 |

| *Particulars* | *Note No.* | *31.3.2024* (₹) | *31.3.2023* (₹) |
|---|---|---|---|
| II. *Assets* : | | | |
| 1. Non-Current Assets : | | | |
| *(a)* Tangible | | 8,00,000 | 6,00,000 |
| *(b)* Intangible : Goodwill | | 1,00,000 | 1,50,000 |
| 2. Current Assets : | | | |
| *(a)* Trade Receivables | | 60,000 | 40,000 |
| *(b)* Inventories | | 65,000 | 80,000 |
| *(c)* Cash and Cash Equivalents | | 75,000 | 80,000 |
| Total | | 11,00,000 | 9,50,000 |

*Additional Information* :

Depreciation provided on Fixed Assets was ₹ 60,000



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

एस० के० स्टार्टअप्स लि० के 31 मार्च, 2023 और 31 मार्च, 2024 के नीचे दिए गए स्थिति विवरणों से रोकड़ प्रवाह विवरण बनाइए :

*एस० के० स्टार्टअप्स लि० के स्थिति विवरण*

| *विवरण* | *नोट सं०* | *31.3.2024* (₹) | *31.3.2023* (₹) |
|---|---|---|---|
| I. *समता एवं देयताएँ* : | | | |
| 1. अंशधारक का कोष : | | | |
| (क) अंश पूँजी | | 6,00,000 | 5,00,000 |
| (ख) संचय एवं आधिक्य (लाभ-हानि विवरण पर आधारित) | | 3,00,000 | 2,00,000 |
| 2. गैर-चालू देयताएँ : | | | |
| बैंक ऋण | | 1,20,000 | 1,50,000 |
| 3. चालू देयताएँ : | | | |
| व्यापार देय | | 80,000 | 1,00,000 |
| कुल | | 11,00,000 | 9,50,000 |

| *विवरण* | *नोट सं०* | *31.3.2024* (₹) | *31.3.2023* (₹) |
|---|---|---|---|
| II. *सम्पत्तियाँ* : | | | |
| 1. गैर-चालू सम्पत्तियाँ : | | | |
| (क) मूर्त | | 8,00,000 | 6,00,000 |
| (ख) अमूर्त ख्याति | | 1,00,000 | 1,50,000 |
| 2. चालू सम्पत्तियाँ : | | | |
| (क) व्यापार प्राप्य | | 60,000 | 40,000 |
| (ख) रहतिया | | 65,000 | 80,000 |
| (ग) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य | | 75,000 | 80,000 |
| कुल | | 11,00,000 | 9,50,000 |

*अतिरिक्त सूचना* :

स्थाई सम्पत्तियों पर ह्रास ₹ 60,000 लगाया गया

*Or / अथवा*

Explain any *five* advantages of accounting ratios.

लेखांकन अनुपातों के किन्हीं **पाँच** लाभों को समझाइए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

OPTION–II

विकल्प–II

## ( Application of Computers in Financial Accounting )

## ( वित्तीय लेखांकन में कम्प्यूटर का उपयोग )

**37.** To change the location of a chart, right click the chart and select

(A) chart type (B) source data

(C) chart options (D) move here 1

एक चार्ट का स्थान परिवर्तन करने हेतु चार्ट पर राइट क्लिक करें तथा चुनें

(A) चार्ट टाइप (B) सोर्स डाटा

(C) चार्ट ऑप्शंस (D) मूव हियर

*Or / अथवा*

To arrive at net amount of salary, which of the following is deducted from gross salary?

(A) House Rent Allowance (B) Provident Fund

(C) Dearness Allowance (D) All of the above

शुद्ध वेतन राशि ज्ञात करने के लिए, सकल वेतन में से किसको घटाया जाता है?

(A) मकान किराया भत्ता (B) भविष्य निधि

(C) महँगाई भत्ता (D) उपर्युक्त सभी

**38.** MS Access is a

(A) Word Processing Software

(B) Presentation Software

(C) Spreadsheet Software

(D) Database Management Software 1

एम० एस० ऐक्सेस है एक

(A) वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर

(B) प्रेजेंटेशन सॉफ्टवेयर

(C) स्प्रेडशीट सॉफ्टवेयर

(D) डाटाबेस मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*Or / अथवा*

Pie charts do not have more than _____ categories.

(A) 7 (B) 10

(C) 20 (D) 25

पाई चार्ट में _____ से अधिक श्रेणियाँ नहीं होती हैं।

(A) 7 (B) 10

(C) 20 (D) 25

**39.** On how many tabs, chart tools are located? 1

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 5

चार्ट टूल कितने टैबों पर स्थित होते हैं?

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 5

**40.** The allowance paid to facilitate employee in acquiring residential accommodation is called

(A) Dearness Allowance

(B) House Loan Instalment Allowance

(C) House Rent Allowance

(D) Leasehold Rent Allowance 1

कर्मचारियों को उनके रहने के लिए आवास लेने की सुविधा प्रदान करने हेतु दिया जाने वाला भत्ता कहलाता है

(A) महँगाई भत्ता

(B) मकान ऋण किश्त भत्ता

(C) मकान किराया भत्ता

(D) पट्टाधिकृत किराया भत्ता



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

*Or / अथवा*

Which is ***not*** a step to copy a chart to Word?

(A) Click copy on the Home tab

(B) Click the Chart title

(C) Go to the Word document

(D) Click paste on the Home tab

एक चार्ट को वर्ड पर कॉपी करने हेतु कौन-सा एक चरण **नहीं** है?

(A) होम टैब पर कॉपी पर क्लिक करें

(B) चार्ट टाइटल पर क्लिक करें

(C) वर्ड डॉक्युमेन्ट पर जाएँ

(D) होम टैब पर पेस्ट पर क्लिक करें

**41.** For tracking accounting data and critical information, what is the best solution? 1

(A) Use paper filing system

(B) Use text documents

(C) Use spreadsheets

(D) Use database management system

लेखांकन डाटा और महत्त्वपूर्ण सूचना ट्रैक करने के लिए, सर्वोत्तम समाधान क्या है?

(A) पेपर फाइलिंग सिस्टम का प्रयोग

(B) टेक्स्ट डॉक्युमेन्ट्स का उपयोग

(C) स्प्रेडशीटों का उपयोग

(D) डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम का उपयोग

*Or / अथवा*

Which may be used to retrieve select data from tables of access database?

(A) Table (B) Query

(C) Form (D) Report

ऐक्सेस डाटाबेस के टेबल्स से चुनिंदा डाटा की पुनःप्राप्ति हेतु कौन-सा प्रयोग किया जाता है?

(A) टेबल (B) क्वेरी

(C) फॉर्म (D) रिपोर्ट



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**42.** To determine if there is any relationship between India's GNP and age, what will be easier? 1

(A) To go through the records of census

(B) To go through the data collected which is recorded in pages

(C) To prepare chart

(D) None of the above

क्या भारत के सकल राष्ट्रीय उत्पाद तथा आयु के बीच कोई सम्बन्ध है इसका निर्धारण करने के लिए क्या आसान होगा?

(A) जनगणना के आँकड़ों को खंगालें

(B) पृष्ठों में रिकॉर्ड किए गए एकत्रित डाटा को देखें

(C) चार्ट तैयार करें

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** Complete the following sentences (any *one*) : 2

*(a)* Excel worksheet supports the functions of straight line, _____ and _____ methods.

*(b)* Graphs and _____ are pictorial representation of data which has at least _____ dimensional relationship.

निम्न वाक्यों को पूरा कीजिए (कोई **एक**) :

(क) एक्सेल वर्कशीट सरल रेखा, _____ और _____ प्रकार्यों को समर्थन देती है।

(ख) ग्राफ और _____ डाटा के चित्रमय प्रस्तुतीकरण हैं जिनके न्यूनतम _____ आयामी सम्बन्ध होते हैं।

**44.** What is meant by Payroll Accounting? What objective does it serve? 2

पेरोल लेखांकन का क्या अर्थ है? यह किस उद्देश्य को पूरा करता है?

*Or / अथवा*

What steps are taken to modify the labels and titles?

लेबलों और टाइटलों को संशोधित करने हेतु क्या कदम उठाए जाएँगे?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**45.** How does use of Charts/Graphs help to explore? 2

चार्ट और ग्राफ अन्वेषण में किस प्रकार से सहायक होते हैं?

*Or / अथवा*

Explain the role of the table and queries as components of MS Access.

सारणी और क्वेरी की एम० एस० ऐक्सेस के घटकों के रूप में भूमिका समझाइए।

**46.** Enumerate any *six* items of deductions to made from gross salary. 3

सकल वेतन में से घटाई जाने वाली किन्हीं **छः** मदों की गणना कीजिए।

*Or / अथवा*

Explain any *two* advantages of using graphs.

ग्राफ के उपयोग के कोई **दो** लाभों को समझाइए।

**47.** State any *three* items to be added to basic pay and *two* items to be deducted from it to arrive at net salary. 5

मूल वेतन में जमा की जाने वाली किन्हीं **तीन** मदों का उल्लेख कीजिए और शुद्ध वेतन की गणना के लिए इसमें से हटाई जाने वाली किन्हीं **दो** मदों का भी उल्लेख कीजिए।

*Or / अथवा*

Write the data requirements that are used as a source for database design.

डाटाबेस डिजाइन के लिए स्रोत के रूप में उपयोग में लाई जाने वाली विभिन्न डाटा आवश्यकताओं को लिखिए।

★ ★ ★



Unnati Educations
9899436384, 9654279279